चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 1-02-25 | 2 | 5-6 |

# दूसरा कार्यकाल मिलने पर कुलपति सम्मानित

जागरण संवाददाता • हिसार : कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चार वर्ष की एक और कार्य अवधि मिलने से विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने स्वागत किया। कुलपति से मिलने के लिए सभी कर्मचारी यूनियन के अलावा प्राध्यापक, अध्यापक कुलपति कार्यालय पहुंच गए थे। उनकी तरफ से कुलपति को पगड़ी पहनाई गई। सभी ने कुलपति को बधाई दी।



हकृवि का दूसरा कार्यकाल मिलने पर कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बधाई देने वालों को संबोधित करते हुए • पीआरओ

उल्लेखनीय है कि प्रो. बीआर काम्बोज के द्वारा कृषि शोध, शिक्षा, व विस्तार शिक्षा सहित किसानों के हित में उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं। उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हकृवि ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कृषि शोध को बढ़ावा देने के लिए व विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों की कार्यक्षमता के विकास के लिए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ नए एमओयू करवाए। गौरतलब है कि प्रो. काम्बोज 16 अप्रैल 2021 को विश्वविद्यालय के 20वें कुलपति नियुक्त हुए थे। हकृवि के गैर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि कुलपति प्रो. काम्बोज हर वर्ग के कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के हित में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते रहे हैं व उनकी पदोन्नती की लंबित मांगों को समय पर पूरा किया है। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि उनके दूसरे कार्यकाल का श्रेय विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की शिक्षा के क्षेत्र में, वैज्ञानिकों की शोध के क्षेत्र में तथा विश्वविद्यालय प्रशासन का टीम भावना एवं आपसी तालमेल के साथ किए गए कार्यों को जाता है। उन्होंने कहा कि समूचे विश्वविद्यालय परिवार ने निर्धारित समय-सीमा से बाहर निकल कर दिन-रात कड़ी मेहनत की।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 1-02-25 | 9 | 1-3 |

# एचएयू कुलपति को मिला दूसरा कार्यकाल, स्वागत

- 16 अप्रैल 2021 में एचएयू के 20वें कुलपति नियुक्त हुए थे प्रो. बीआर कंबोज, इस अवधि में 150 से अधिक वैज्ञानिकों की हुई भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को माला पहनाकर स्वागत करते हौटा प्रधान डॉ. अशोक गोदारा।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चार वर्ष की एक और कार्य अवधि मिलने से विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने खुशी जताई है। अपनी खुशी जाहिर करते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों व किसानों ने कुलपति कार्यालय के सामने पगड़ी पहनाकर व फूल मालाएं डालकर जोरदार स्वागत किया। गौरतलब है कि प्रो. काम्बोज 16 अप्रैल 2021 को विश्वविद्यालय के 20वें कुलपति नियुक्त हुए थे और वे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक रहे हैं।

इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कुलपति को बधाई देते हुए उनके द्वारा पिछले कार्यकाल में 150 से अधिक नए वैज्ञानिकों की भर्ती करने, वैज्ञानिकों की समयानुसार पदोन्नती करने, वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में शोध संबंधी प्रशिक्षण करवाने व वैज्ञानिकों के लिए बनवाए जा रहे नए सरकारी आवासों के लिए उनका धन्यवाद भी किया।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि उनके दूसरे कार्यकाल का श्रेय विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की शिक्षा के क्षेत्र में, वैज्ञानिकों की शोध के क्षेत्र में तथा विश्वविद्यालय प्रशासन का टीम भावना एवं आपसी तालमेल के साथ किए गए कार्यों को जाता है। उन्होंने कहा कि समूचे विश्वविद्यालय परिवार ने निर्धारित समय-सीमा से बाहर निकल कर दिन-रात कड़ी मेहनत की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 01. 02. 25 | 4 | 1-2 |

## कुलपति प्रो. कांबोज को पहनाई पगड़ी



प्रो. कांबोज को पगड़ी पहनाकर स्वागत करते अधिकारी, कर्मचारी व किसान। स्रोत : आयोजक

हिसार। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चार वर्ष की एक और कार्य अवधि मिलने पर अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर की। शुक्रवार को पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

उन्होंने एचएयू को नंबर एक विश्वविद्यालय बनाने के लिए शोधार्थियों व वैज्ञानिकों को शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने वैज्ञानिकों से प्रदेश की कृषि उत्पादकता बढ़ाने, कम पानी में अधिक पैदावार देने वाली किस्में विकसित करने व जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर शोध करने पर जोर दिया। बता दें कि प्रो. कांबोज 16 अप्रैल 2021 को विश्वविद्यालय के 20वें कुलपति नियुक्त हुए थे। वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक रहे हैं। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 01.2-25 | 3 | 3-5 |

# कुलपति प्रो. काम्बोज को दूसरा कार्यकाल मिलने पर पगड़ी पहनाकर किया स्वागत



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज का स्वागत करते हुए।*

हिसार, 31 जनवरी (ब्यूरो): कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चार वर्ष की एक और कार्य अवधि मिलने पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने खुशी जताई। कुलपति कार्यालय के सामने कुलपति प्रो. काम्बोज का पगड़ी पहनाकर व फूल मालाएं डालकर स्वागत किया। गौरतलब है कि प्रो. काम्बोज 16 अप्रैल 2021 को विश्वविद्यालय के 20वें कुलपति नियुक्त हुए थे। प्रो. काम्बोज एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक रहे हैं।

इस मौके पर कुलपति प्रो.काम्बोजन ने हकृवि को नंबर एक विश्वविद्यालय बनाने के लिए शोधार्थियों व वैज्ञानिकों को शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने वैज्ञानिकों से प्रदेश की कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए, कम पानी में अधिक पैदावार देने वाली किस्में विकसित करने व जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर शोध करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित राष्ट्र के स्वप्न को साकार करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा।

कुलपति प्रो काम्बोज ने कहा कि उनके दूसरे कार्यकाल का श्रेय विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की शिक्षा के क्षेत्र में, वैज्ञानिकों की शोध के क्षेत्र में तथा विश्वविद्यालय प्रशासन का टीम भावना एवं आपसी तालमेल के साथ किए गए कार्यों को जाता है।

उन्होंने कहा कि समूचे विश्वविद्यालय परिवार ने निर्धारित समय-सीमा से बाहर निकल कर दिन-रात कड़ी मेहनत की, जिसके कारण 54 वर्षों के इतिहास में पहली बार आईसीएआर के नैब की ओर से विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ ग्रेडिंग 'ए प्लस' ग्रेड से नवाजा गया। उन्होंने बताया कि घटती जा रही जोत एवं कृषि पर बढ़ते जा रहे खर्च को मद्येनजर रखते हुए विश्वविद्यालय के एग्रोनॉमी डिपार्टमेंट ने एक हैक्टेयर का समेकित कृषि प्रणाली मॉडल तैयार किया है, जिसको अपनाकर किसान अपनी आमदनी में इजाफा कर सकेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 01.02.25 | 5 | 4-8 |


# कुलपति प्रो. काम्बोज को दूसरा कार्यकाल मिलने पर अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व किसानों ने दी बधाई

हिसार, 31 जनवरी (विरेन्द्र वर्मा): कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चार वर्ष की एक और कार्य अवधि मिलने से विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अपनी खुशी जाहिर करते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों व किसानों ने कुलपति कार्यालय के सामने पगड़ी पहनाकर व फूलमालाएं डालकर जोरदार स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि प्रो. बी.आर. काम्बोज के द्वारा कृषि शोध, शिक्षा, व विस्तार शिक्षा सहित किसानों के हित में उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं। उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हकृवि ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाई है।

उन्होंने कृषि शोध को बढ़ावा देने के लिए व विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों की कार्यक्षमता के विकास के लिए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ नए एमओयू करवाए। गौरतलब है कि प्रो. काम्बोज 16 अप्रैल 2021 को विश्वविद्यालय के 20वें कुलपति नियुक्त हुए थे। प्रो. काम्बोज एक अंतरराष्ट्रीय



प्रो. बी.आर. काम्बोज को अधिकारी, कर्मचारी तथा किसान पगड़ी व फूलमालाओं के साथ स्वागत करते हुए।

स्तर के वैज्ञानिक रहे हैं। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कुलपति को बधाई देते हुए उनके द्वारा पिछले कार्यकाल में 150 से अधिक नए वैज्ञानिकों की भर्ती करने, वैज्ञानिकों की समयानुसार पदोन्नती करने, वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में शोध संबंधी प्रशिक्षण करवाने व वैज्ञानिकों के लिए बनवाए जा रहे नए सरकारी आवासों के लिए उनका धन्यवाद भी किया। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रो. काम्बोज के कुशल नेतृत्व में यह विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार के क्षेत्रों में और अधिक नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। हकृवि के गैर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी व कहा कि कुलपति प्रो. काम्बोज हर वर्ग के कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के हित में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते रहे हैं व उनकी पदोन्नती की लंबित मांगों को समय पर पूरा किया है। हकृवि को नंबर एक विश्वविद्यालय बनाने के लिए उन्होंने शोधार्थियों व वैज्ञानिकों को शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने वैज्ञानिकों से प्रदेश की कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए, कम पानी में अधिक पैदावार देने वाली किस्में विकसित करने व जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर शोध करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित राष्ट्र के स्वप्न को साकार करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। राष्ट्रीय मानचित्र पर विश्वविद्यालय ने लगातार उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करके अपनी विशेष पहचान बनाईं है। इसी के द्रष्टिगत हरियाणा के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उनके दूसरे कार्यकाल के लिए स्वीकृति प्रदान की है। प्रो. काम्बोज ने प्रदेश के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय व मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया। कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने कहा कि उनके दूसरे कार्यकाल का श्रेय विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की शिक्षा के क्षेत्र में, वैज्ञानिकों की शोध के क्षेत्र में तथा विश्वविद्यालय प्रशासन का टीम भावना एवं आपसी तालमेल के साथ किए गए कार्यों को जाता है। उन्होंने कहा कि समूचे विश्वविद्यालय परिवार ने निर्धारित समय-सीमा से बाहर निकल कर दिन-रात कड़ी मेहनत की, जिसके कारण 54 वर्षों के इतिहास में पहली बार आईसीएआर के नैब की ओर से विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ ग्रेडिंग 'ए प्लस' ग्रेड से नवाजा गया। जेआरएफ और एसआरएफ में गत वर्ष विश्वविद्यालय के 46 विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करके अपनी जगह बनाई थी। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष उपरोक्त परीक्षा में 67 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। हकृवि व वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया के बीच अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग होने से विद्यार्थियों को दोनों विश्वविद्यालयों से दोहरी स्नातक की डिग्री मिल सकेगी।

## कुलपति कार्यालय के सामने पगड़ी पहनाकर व फूलमालाओं के साथ किया ज़ोरदार स्वागत

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक चेतना | 01.02.25 | | |

# कुलपति प्रो. काम्बोज को दूसरा कार्यकाल मिलने पर अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व किसानों ने दी बधाई

हिसार, चेतना संवाददाता। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चार वर्ष की एक और कार्य अवधि मिलने से विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। अपनी खुशी जाहिर करते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों व किसानों ने कुलपति कार्यालय के सामने पगड़ी पहनाकर व फूल मालाएं डालकर जोरदार स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि प्रो. बी.आर. काम्बोज के द्वारा कृषि शोध, शिक्षा, व विस्तार शिक्षा सहित किसानों के हित में उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं। उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में हकृवि ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कृषि शोध को बढ़ावा देने के लिए व विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों की कार्यक्षमता के विकास के लिए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ नए एमओयू करवाए। गौरतलब है कि प्रो. काम्बोज 16 अप्रैल 2021 को विश्वविद्यालय के 20वें कुलपति नियुक्त हुए थे। प्रो. काम्बोज एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के



वैज्ञानिक रहे हैं।

इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कुलपति को बधाई देते हुए उनके द्वारा पिछले कार्यकाल में 150 से अधिक नए वैज्ञानिकों की भर्ती करने, वैज्ञानिकों की समयानुसार पदोन्नती करने, वैज्ञानिकों की अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में शोध संबंधी प्रशिक्षण करवाने व वैज्ञानिकों के लिए बनवाए जा रहे नए सरकारी आवासों के लिए उनका धन्यवाद भी किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 01.2.25 | 3 | 6-8 |

# सरसौंद में निकाली जागरूकता रैली

हिसार, 31 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत इंदिरा चक्रवर्ती समुदाय विज्ञान महाविद्यालय द्वारा ग्राम पंचायत सरसौद में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के तहत एक महीने का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत 13 जनवरी से हुई थी। कार्यक्रम के अंतर्गत आज सरसौद गांव में महिला स्वच्छता और मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में एक व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसके मुख्य वक्ता सतीश कुमार रहे।



*जागरूकता रैली निकालते हुए।*

इस दौरान महिलाओं ने मासिक धर्म से जुड़े कई सवाल भी पूछे व उन्होंने अपनी समस्याएं भी साझा की। इस कार्यक्रम के आयोजन में इंदिरा चक्रवर्ती समुदाय विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव, डॉ.सरोज यादव, डॉ. प्रोमिला चहल और डॉ. रीना व अन्य संकाय कार्यान्वयन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह कार्यक्रम सरपंच सुनीता भ्याण धर्मपत्नी प्रदीप भ्याण के मार्गदर्शन व सहयोग से संपन्न हुआ।

वहीं हकृवि के सामुदायिक विज्ञान एवं सामुदायिक विज्ञान की छात्राओं ने गांव सरसौद में रावे रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस के तहत एक रैली का आयोजन किया। 19 फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सामुदायिक विज्ञान की छात्राएं अपना अनुभव गांव की औरतों के साथ साझा करेंगी।

इसमें अलग अलग प्रकार की क्रियाएं होंगी जैसे रैली, नुक्कड़ नाटक, मटका दौड़ आदि। आज की रैली का विषय हमारा संविधान, हमारा अभिमान था, जिसका उद्देश्य संविधान की महत्वता को बताना था। इस रैली में लगभग सौ छात्राओं ने भागीदारी दिखाई और गांव की सरपंच सुनीता भ्यान का मार्गदर्शन रहा। डॉ. प्रोमिला चहल और डॉ.रीना ने भी इस रैली का मार्गदर्शन किया। इस रैली के माध्यम से छात्राओं ने संविधान की महत्वता को बताया और लोगों को संविधान की रक्षा के लिए प्रेरित किया। इसमें सामुदायिक विज्ञान की छात्राओं ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम अंशु, प्रियांशी, अंजलि, आरती, आरजू द्वारा आयोजित किया गया।

| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
|---|

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 01-02-25 | 12 | 7-8 |




# सरसौद में जागरूकता रैली निकाली

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान एवं सामुदायिक विज्ञान की छात्राओं ने गांव सरसौद में रावे रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस के तहत एक रैली का आयोजन किया। यह रावे 19 फरवरी तक चलेगा। इसमें सामुदायिक विज्ञान की छात्राएं अपना अनुभव गांव की महिलाओं के साथ साझा करेंगी। रैली में लगभग सौ छात्राओं ने भागीदारी दिखाई और गांव के सरपंच प्रदीप भ्यान एवं उनकी पत्नी सुनीता भ्यान का मार्गदर्शन रहा। इस मौके पर डॉक्टर प्रोमिला चहल, आरएमसीएस विभाग की प्रोफेसर डॉ. प्रोमिला चहल और एचडीएफएस विभाग की डॉ. रीना ने रैली का नेतृत्व किया। शुक्रवार की रैली का विषय /"हमारा संविधान, हमारा अभिमान/" था, जिसका उद्देश्य संविधान की महत्वता को बताना था।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 02-02-25 | 04 | 1-2 |

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 56वां स्थापना दिवस आज मनेगा




हकृवि का राजगढ़ रोड स्थित चार नंबर गेट। • जागरण आर्काइव

- पुस्तक प्रदर्शनी सहित विभिन्न परियोजनाओं का किया जाएगा उद्घाटन, कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज होंगे मुख्य अतिथि

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 56वां स्थापना दिवस दो फरवरी को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज प्रशासनिक भवन की नवीनीकृत जलपान गृह (कैंटीन) का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात नेहरू पुस्तकालय में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी, फार्म मशीनरी व पावर इंजीनियरिंग विभाग की कार्यशाला, उपकरण शेड व कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि सब्जी अनुसंधान फार्म में नवनिर्मित प्रशिक्षण हाल व स्टोर का भी उद्घाटन किया जाएगा। तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का होगा शुभारंभ पुस्तकालय अध्यक्ष डा. राजीव कुमार पटेरिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय में 2 से 4 फरवरी को पुस्तक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें एग्रीकल्चरल साइंसेज, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एग्री-बिजनेस, अलाइड साइंसेज, फूड साइंस एंड टेक्नोलाजी, होम साइंसेज, फिशरीज व जनरल नालेज इत्यादि विषयों की पुस्तकों को प्रदर्शित किया जाएगा। पुस्तक प्रदर्शनी में 16 जाने-मानें पब्लिशर्स हिस्सा लेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 02-02-25 | 06 | 05 |

## एचएयू का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

हिसार, 1 फरवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 56वां स्थापना दिवस 2 फरवरी को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि होंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका आगाज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रशासनिक भवन की नवीनीकृत जलपान गृह (कैंटीन) के उद्घाटन से करेंगे। इसके पश्चात नेहरू पुस्तकालय में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी, फार्म मशीनरी व पॉवर इंजीनियरिंग विभाग की कार्यशाला, उपकरण शेड व कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि सब्जी अनुसंधान फार्म में नवनिर्मित प्रशिक्षण हॉल व स्टोर का भी उद्घाटन किया जाएगा। तीन दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का होगा शुभारंभपुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार पटेरिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय में 2 से 4 फरवरी को पुस्तक प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 02-02-25 | 02 | 5-7 |

# एचएयू का स्थापना दिवस आज, मिलेंगी सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▸▸। हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 56वां स्थापना दिवस 2 फरवरी को धूमधाम मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि होंगे। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने शनिवार को बताया कि स्थापना दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका आगाज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज प्रशासनिक भवन की नवीनीकृत जलपान गृह (कैंटीन) के उद्घाटन से करेंगे। इसके पश्चात नेहरू पुस्तकालय में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी, फार्म मशीनरी व पॉवर इंजीनियरिंग विभाग की कार्यशाला, उपकरण शेड व कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि सब्जी अनुसंधान फार्म में नवनिर्मित प्रशिक्षण हॉल व स्टोर का भी उद्घाटन किया जाएगा।

## तीन दिवसीय प्रदर्शनी शुरू

पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार पटेरिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय में 2 से 4 फरवरी तक पुस्तक प्रदर्शनी लगेगी, इसमें एग्रीकल्चरल साइंसेज व इंजीनियरिंग, अग्रि-बिजनेस, अलाइड साइंसेज, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, होम साइंसेज, फिशरीज व जनरल नॉलेज इत्यादि विषयों की पुस्तकों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## रंग आंगन राष्ट्रीय थिएटर फेस्टिवल 4 से

हिसार। अभिनय रंगमंच 4 फरवरी से 17 फरवरी तक जिंदल स्टेनलेस व केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय का संयुक्त 11वें रंग आंगन नेशनल थिएटर फेस्टिवल होगा। जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित कलाकार और थिएटर समूह अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों के साथ मंच पर उतरेंगे। शुरुआत 4 फरवरी को मुंबई के प्रसिद्ध टीवी एवं फिल्म अभिनेता गोपाल दत्त द्वारा लिखित और अभिनीत नाटक और करो थिएटर से होगी। 14 फरवरी को अभिनय रंगमंच के मनीष जोशी नाटक पटलून प्रस्तुत करेंगे, जबकि 15 फरवरी को दिल्ली के प्रसिद्ध अपस्टेज समूह द्वारा रोहित त्रिपाठी के निर्देशन में नाटक द फायर प्लेस मंचित किया जाएगा। 16 फरवरी को चंडीगढ़ के निर्देशक सुदेश शर्मा के निर्देशन में जयंत दलवी द्वारा लिखित नाटक संध्या छाया का मंचन होगा और 17 फरवरी को समापन दिवस पर बॉलीवुड के प्रख्यात अभिनेता मकरंद देशपांडे अपने नाटक पियक्कड़ के साथ फेस्टिवल का समापन करेंगे। संस्था के अध्यक्ष मनोज बंसल ने बताया कि इस फेस्टिवल के माध्यम से विभिन्न थिएटर रूपों, शैलियों और सामाजिक संदेशों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 02-02-25 | 03 | 06 |

## हकृवि स्थापना दिवस पर लगेगी पुस्तक प्रदर्शनी

हिसार, 1 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 56 वां स्थापना दिवस 2 फरवरी को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका आगाज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रशासनिक भवन की नवीनीकृत जलपान गृह के उद्घाटन से करेंगे।

इसके पश्चात नेहरू पुस्तकालय में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी, फार्म मशीनरी व पॉवर इंजीनियरिंग विभाग की कार्यशाला, उपकरण शेड व कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि सब्जी अनुसंधान फार्म में नवनिर्मित प्रशिक्षण हॉल व स्टोर का भी उद्घाटन किया जाएगा। पुस्तकाल्याध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार पटेरिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय में 2 से 4 फरवरी को पुस्तक प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 02-02-25 | 04 | 08 |

# एचएयू का 56वां स्थापना दिवस आज मनाया जाएगा

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 56वां स्थापना दिवस 2 फरवरी को मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज मुख्यातिथि होंगे। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि कुलपति प्रशासनिक भवन की नवीनीकृत जलपान गृह (कैंटीन) का उद्घाटन से करेंगे।

नेहरू पुस्तकालय में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी, फार्म मशीनरी व पॉवर इंजीनियरिंग विभाग की कार्यशाला, उपकरण शेड व कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। सब्जी अनुसंधान फार्म में नवनिर्मित प्रशिक्षण हॉल व स्टोर का भी उद्घाटन किया जाएगा। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स | 01.02.2025 | -- | -- |


# एचएयू का स्थापना दिवस पर विभिन्न परियोजनाओं का किया जाएगा उद्घाटन




**सिटी पल्स न्यूज़, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का 56वां स्थापना दिवस 2 फरवरी को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रशासनिक भवन की नवीनीकृत कैंटीन के उद्घाटन से करेंगे। इसके पश्चात नेहरू पुस्तकालय में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी, फार्म मशीनरी व पॉवर इंजीनियरिंग विभाग की कार्यशाला, उपकरण शेड व कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि सब्जी अनुसंधान फार्म में नवनिर्मित प्रशिक्षण हॉल व स्टोर का भी उद्घाटन किया जाएगा। पुस्तकाल्याध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार पटेरिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय में 2 से 4 फरवरी को पुस्तक प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें एग्रीकल्चरल साइंसेज, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, अग्रि-बिजनेस, अलाइड साइंसेज, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, होम साइंसेज, फिशरीज व जनरल नॉलेज इत्यादि विषयों की पुस्तकों को प्रदर्शित किया जाएगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 02-02-25 | 03 | 7-8 |

# दलहनी फसलों के लिए शुरू होगा छह वर्षीय कार्यक्रम

केन्द्र सरकार ने किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए बजट में किसान हितैषी अनेक घोषणाएं की हैं। मसूर, तुअर व उड़द जैसी दलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने एवं राष्ट्र को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 6 साल का एक कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।



प्रो. बीआर कार्म्बोज

सरकार की एजेंसीज द्वारा इन तीन फसलों की खरीद सुनिश्चित की जाएगी। सब्जियों व फलों का उत्पादन बढ़ाने और किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए 5 साल का मिशन बनाया जाएगा, जिससे देश के कपड़ा उद्योग मजबूती मिलेगी। किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट को 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए किया है। स्टार्टअप के लिए ऋण की सीमा को ₹10 करोड़ से बढ़ाकर ₹20 करोड़ किया जाएगा जिससे युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री धन्य कृषि योजना में 100 जिलों को चिह्नित किया गया है उन जिलों के 1.7 करोड़ किसानों को फ़ायदा मिलेगा। - **प्रो. बीआर काम्बोज, वीसी, एचएयू, हिसार।**